हिंदी पखवाड़ा समारोह - 2022

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता तथा उसके प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से हर वर्ष सितंबर महीने में कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा मनाया जाता है। कोचीन शिपयार्ड में हिंदी पखवाड़ा समारोह का उद्घाटन दिनांक 14 सितंबर 2022 को यानम सभागार में राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक के दौरान अध्यक्ष श्री मधु एस नायर, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, व अन्य सदस्यों सहित दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया । इस दौरान माननीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल जी का संदेश पढ़ा गया, तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा हिंदी संबंधी प्रेरणाजनक विचारों की घोषणा की गई और शिपयार्ड की हिंदी गतिविधियों को बढ़ाने संबंधी सुझाव भी दिए गए। इस बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी समीक्षा की गई और सुझाव भी प्रदान किया गया। कर्मचारियों, कार्यपालक प्रशिक्षार्थियों, प्रशिक्षार्थियों केलिए इस वर्ष सभी कार्यक्रम समान रूप से किया गया। हिंदी टंकण, सुलेख, गद्यांश वाचन, स्मृति परीक्षा, निबंध लेखन, कविता लेखन, प्रश्नोत्तरी, शब्द पहेली, प्रशासनिक शब्दावली और हिंदी फिल्म गीत (महिला और पुरुषों केलिए अलग - अलग) प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

विशेष कार्यक्रम

- परिवार के बीच में भी हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु कर्मचारियों के पति/पत्नी केलिए हिंदी में खिचडी एवं गीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । साथ ही, कर्मचारियों के बच्चों केलिए

स्मृति परीक्षा, सुलेख, फिल्म गीत, प्रश्नोत्तरी और कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । परिवारजनों ने बडी उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में अपनी उपस्थिति दर्ज की ।

- छात्रों के बीच हिंदी भाषा को प्रसारित करने के उद्देश्य से, एर्णाकुलम जिले के सभी सरकारी स्कूलों के छात्रों केलिए देशभक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई । 12 स्कूलों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की और कुल 100 से अधिक छात्रों ने प्रतियोगिता में बढ-चढकर भाग लिया । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमश: सेंट तेरेसास सीजीएचएसएस, एर्णाकुलम, टीडीएचएस मट्टांचेरी, जीजीएचएसएस, तृपूणित्तुरा और सेंट एंटणी एचएसएस, कच्चेरीपडी हासिल किया ।

समापन समारोह

हिंदी पखवाड़ा समारोह का समापन समारोह दिनांक 12 दिसंबर 2022, अपराह्न 1430 बजे को समुद्री इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान (मेटी) के सभा भवन में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हमारे अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री मधु एस नायर, उनके साथ श्री बिजोय भास्कर, निदेशक (तकनीकी), श्री जोस वी जे, निदेशक (वित्त) एवं श्री श्रीजित के नारायणन, निदेशक (प्रचालन)

उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ कुमारी वैष्णवी एस और अश्वती वी एच के ईश्वर वंदना के साथ शुरु हुआ जो श्री संपत्त कुमार पी एन, सहायक महाप्रबंधक के स्वागत भाषण के साथ जारी रहा।

कार्यक्रम के दौरान माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का संदेश श्रीमती सरिता जी, उप प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा पढ़ा गया। कार्यक्रम को जारी रखते हुए कंपनी की गृह पत्रिका “सागर रत्न” के चौदहवें अंक का प्रकाशन श्री मधु एस नायर द्वारा श्री बिजोय भास्कर, निदेशक (तकनीकी) को सौंपते हुए किया गया।

तत्पश्चात हमारे अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री मधु एस नायर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में हिंदी के बढ़ते आयामों का ज़िक्र करते हुए हिंदी भाषा जानने की आवश्यकता पर ज़ोर देने की बात को व्यक्त करते हुए बताया कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी गति बहुत तेज़ी से बढ़ रही है। उन्होंने अपने भाषण में आजादी के अमृत महोत्सव के इस अवसर पर हमें हिंदी की प्रोन्नति केलिए भी आवश्यक कदम उठाने पर ज़ोर दिया । उनकी बातों में, हम सभी को हिंदी भाषा का अधिक से अधिक उपयोग

करके, सही मायने में इसको सम्मान दिया जाना है। कई वर्षों से राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु कोच्ची टॉलिक से प्रथम पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है, साथ ही पिछले तीन वर्षों से भारत सरकार के राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा रहा है। हिंदी पखवाडा समारोह के सिलसिले में कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों केलिए और साथ ही साथ स्कूली छात्रों केलिए भी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन सफल ढंग से किया गया जो कि एक सराहनीय कदम है। इस समारोह में पुरस्कृत कर्मचारियों, एवं उनके परिवार जनों और स्कूली छात्रों को भी अध्यक्ष महोदय द्वारा सराहना दी । राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा अनुभाग द्वारा किए जा रहे सभी प्रयासों के लिए भी बधाई दी। हिंदी भाषा को अपने प्रेरणात्मक शब्दों के साथ बढ़ावा देते हुए उन्होंने अपना भाषण संपन्न किया। कार्यक्रम को एक छोटा-सा विराम देते हुए कुमारी इशिता सजित ने अपने मधुर संगीत से वहाँ उपस्थित लोगों का मन बहलाया।

समापन समारोह के अवसर पर, सभी विजेता परिवार जनों एवं बच्चों साथ ही देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में जीत लिए सभी स्कूलों को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के करकमलों से पुरस्कार प्रदान किया गया । हिंदी का उत्कृष्ट कार्यान्वयन पुरस्कार इस वर्ष कंपनी सचिव के कार्यालय को प्रदान किया गया। इस पुरस्कार वितरण के तुरंत बाद एक और विराम लेते हुए हमारे देशभक्ति गीत प्रतियोगिता के विजेता सेंट तेरेसास स्कूल द्वारा अपना गीत प्रस्तुत किया गया जिसने सबके मन को मोह लिया। कार्यक्रम के अंत की ओर बढ़ते हुए हमारी उप प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सरिता जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद राष्ट्रगान के साथ समापन समारोह का भव्य संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन हिंदी कक्ष द्वारा सफल रूप से किया गया।

****